दिनांक–09.10.2023

समय–7.10एएम

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार....

- केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की सहकारी समितियों के साथ 13 राज्यों की कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के कम्प्यूट्रीकरण को दी मंजूरी।
- प्रदेश में कई स्थानों पर प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल रतलाम और उज्जैन के कार्यक्रम में हुए शामिल।
- डीडी न्यूज के डीडी डॉयलाग कार्यक्रम का जबलपुर में आयोजन, केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते ने लिया हिस्सा।
- विश्वकप क्रिकेट के पहले मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को 6 विकेट से दी मात।

सहकारी समिति कम्प्यूट्रीकरण

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की सहकारी समितियों और एक हजार आठ सौ इक्यावन कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के रजिस्ट्रार कार्यालयों का कम्प्यूट्रीकरण करने तथा उन्हें और सशक्त बनाने का निर्णय लिया है। प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटियों की कम्प्यूट्रीकरण योजना की तर्ज पर तेरह राज्यों में कार्यरत कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के कम्प्यूट्रीकरण के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना को मंजूरी दी गई है।

<u>प्रबुद्ध जन सम्मेलन</u>

केन्द्रीय परिवार स्वास्थ्य कल्याण राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपीएस बघेल ने कल मुरैना में प्रबुद्धजन सम्मेलन में हिस्सा लिया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रबुद्धजन पर मां सरस्वती की कृपा होती है इसलिये एक प्रबुद्ध 100 व्यक्ति के बराबर होता है। क्षेत्र में सम्मान पाने वाले शिक्षक, चिकित्सक, व्यवसाई की प्रबुद्धजन में मान्यता है। चम्बलांचल मुख्यालय पर आयोजित इस सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सहजता व सहृदयता के विषय में अवगत कराते हुये उन्होंने कहा कि चम्बल के लोगों को उधार रखने की आदत नहीं है। इसलिये आगामी चुनाव में चम्बलांचल अपने मान–सम्मान के साथ शिवराज का उधार वापस कर दें, जिससे भविष्य में वह फिर आपको बेहतर जीवन के लिये कुछ नया दे सके।

<u>प्रबुद्ध जन सम्मेलन</u>

केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कल रतलाम और उज्जैन में आयोजित भाजपा के प्रबुद्धजन सम्मेलनों में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में जहां केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं तो कांग्रेस पर निशाना भी साधा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और मध्यप्रदेश देश में तीसरा सबसे विकसित राज्य बनेगा। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से एक संकल्प लिया था कि वर्ष 2047 जब भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे, तब भारत को अति विकसित देश की श्रेणी में ले जाकर खड़ा करना है। उनके इस संकल्प को आप हम सबको मिलकर पूरा करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले पांच कमजोर अर्थव्यवस्था में भारत का नाम था, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत उभरा है आज देश की पांच बड़ी अर्थव्यवस्था में भारत का नाम सर्वोच्च स्थान पर है। तीसरी बार भी मोदी सरकार आएगी तो तीसरी पायदान पर सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भारत देश का नाम होगा।

सुंधाशु त्रिवेदी खरगोन

भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि इजरायल की तरह हम पर हमले की कोशिश भारी पड़ेगी। खरगोन में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा में इजराइल जैसे किसी हमले को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि हमने दिखा दिया है, कि हमें छेड़ने की कोशिश भारी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोशिश पर बालाकोट भी हुआ है और सर्जिकल स्ट्राइक भी हुई है। उन्होंने राम मंदिर को चुनावी मुद्दा बनाए जाने पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए राम मंदिर चुनावी मुद्दा क्या राजनीतिक मुद्दा भी नहीं है। राम मंदिर भारत की अस्मिता से जुड़ा हुआ है ।उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनने तक नई संसद बन गई, भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था के अलावा जी–20 में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भी बन चुका है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के सवाल पर कहा कि यह तय करना जांच एजेंसियों का काम है। लेकिन यह जरूर तय हो चुका है कि केजरीवाल का कट्टर ईमानदार होने के किरदार का दावा तार तार हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश में केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं गरीबों के विकास और राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव, सुरक्षा व विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी।

डीडी डायलॉग

जबलपुर में दूरदर्शन के डीडी न्यूज चैनल द्वारा डीडी डायलॉग 'मध्यप्रदेश का समर' का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और केंद्रीय इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते विशेष रूप से शामिल हुए। महाकौशल की जनता के मुद्दों और मध्यप्रदेश के राजनीतिक दलों के दावों और वादों पर कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में मंथन हुआ। 'बीजेपी की राह कितनी आसान कितनी मुश्किल' इस विषय पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि बीजेपी की सरकार बनने में कोई मुश्किल नहीं आएगी। कार्यक्रम में जबलपुर सांसद और विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार राकेश सिंह ने सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का बखान करते हुए कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना से सामाजिक परिदृश्य में बदलाव आया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास नीति है न नेतृत्व है। वहीँ कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन भी जिसमें भाजपा पार्टी की ओर से पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोंटिया ,कांग्रेस पार्टी की ओर से महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह और वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट शामिल हुए।

पूर्व महापौर प्रभात साहू, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौरभ नाटी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विप्लव अग्रवाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यक्रम में कहा कि मध्यप्रदेश के इतिहास में ट्राईबल पर जितना काम भाजपा सरकार ने काम किया। उतना किसी सरकार ने नही किया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के पारित होने से महिलाओं की ताकत बढ़ेगी।

नमो बहु–उद्देश्यीय भवनों

किसान–कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा है कि हरदा जिले के सभी ग्रामवासियों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये नमो बहु–उद्देश्यीय भवनों की सौगात दी जा रही है। कृषि मंत्री श्री पटेल कल हरदा कृषि उपज मण्डी में जिले की 220 ग्राम पंचायतों में 233 नमो बहु–उद्देश्यीय भवनों के भूमि–पूजन समारोह में संबोधित कर रहे थे। श्री पटेल ने कहा कि ग्रामीणों को शादी–ब्याह सहित अन्य मांगलिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के लिये गाँव में टेंट इत्यादि के लिये अधिक राशि व्यय करना होती है। गाँव में ही सुविधा उपलब्ध कराने के लिये नमो बहु–उद्देश्यीय भवन बनाये जायेंगे। । इससे ग्रामीणों को सामाजिक कार्यक्रम करने की सुविधा और अनावश्यक राशि व्यय करने से राहत मिलेगी।

क्रिकेट विश्व कप

आईसीसी पुरुष विश्व कप क्रिकेट में, भारत ने एम ए चिदंबरम स्टेडियम में विश्व कप 2023 के अपने पहले खेल में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया द्वारा दिए गए 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 41 ओवर 2 गेंदों में चार विकेट के नुकसान पर 201 रन बना लिए। विराट कोहली ने 85 और केएल राहुल ने नाबाद 97 रन बनाकर भारत को जीत दर्ज करने में मदद की। केएल राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में न्यूजीलैंड का मुकाबला नीदरलैंड से होगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजे शुरू होगा।

एशियाई खेल

चीन में हांगचोओ एशियाई खेल रंगारंग कार्यक्रम और आतिशबाजी के साथ कल सम्पन्न हो गए। खिलाडियों ने नम आखों से एक–दूसरे को अलविदा कहा। 'हार्ट टू हार्ट' के स्लोगन के साथ, समापन समारोह एक–दूसरे के लिए सौहार्द और सम्मान की भावना पर केंद्रित था। हॉकी टीम के गोलकीपर पी. आर. श्रीजेश ने भारतीय तिरंगा लेकर मैदान में प्रवेश किया। एशियाई ओलंपिक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह ने इन खेलों के औपचारिक समापन की घोषणा की। इन खेलों में भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रहा। 20वें एशियाई खेल वर्ष 2026 में जापान के नागोया में होंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- उत्तराखंड में कल देर रात नैनीताल जिले के कालाढूंगी रोड पर मंगोली घटकड के पास 31 यात्रियों को ले जा रही एक बस के खाई में गिर जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए।
- डब्ल्यू–डब्ल्यू ई के पूर्व चैम्पियन द ग्रेट खली' दिलीप सिंह राणा कल जबलपुर में महाकोशल कॉलेज की 35वीं मध्यप्रदेश स्टेट बॉक्सिग चैम्पियनशिप के समापन समारोह में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए।
- शिवपुरी में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रमुख पर्यटन स्थल भदैया कुंड पर सफाई की जा रही है। स्वच्छता अभियान में नगर पालिका की टीम के साथ ही अभियान में स्टेट डिजास्टर एमरजेंसी रिस्पॉन्स फॉर्स (एसडीआरएफ) भी शामिल रहा।
- लायंस क्लब खंडवा द्वारा सेवा सप्ताह के अन्तर्गत डिस्ट्रिक के दिशा निर्देशानुसार लायन्स सेवा सप्ताह में दिव्यांग दिवस मनाया गया।

————————————